# समाचार वाणी
ख़बर जो करें असर !

नाशिक | Saturday, 26 September 2026


## ‘व्हाट द हेल’... रूस की बड़ी एयरस्ट्राइक से भड़के ट्रंप, पुतिन को कहा ‘क्रेजी’.

Publisher Published on 26 May 2025



# 367 ड्रोन और मिसाइलों से यूक्रेन पर हमला, ट्रंप बोले- यह पागलपन है, पुतिन से खुश नहीं हूं।

**नई दिल्ली :** रूस-यूक्रेन युद्ध एक बार फिर खतरनाक मोड़ पर पहुंच गया है। रूस ने यूक्रेन पर अब तक की सबसे बड़ी **एयरस्ट्राइक** करते हुए 367 ड्रोन और मिसाइलें दागीं। इस हमले ने पूरी दुनिया को चौंका दिया है। अमेरिका के पूर्व **राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप** भी इस हमले से बुरी तरह नाराज़ नजर आए और उन्होंने **रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन** को ‘**क्रेजी**’ तक कह दिया।

ट्रंप ने सख्त लहजे में कहा, “मैं पुतिन से बिल्कुल भी खुश नहीं हूं। लोग मारे जा रहे हैं। मैंने उन्हें लंबे समय से जाना है। हमारे अच्छे रिश्ते रहे हैं, लेकिन अब वह रॉकेट्स दाग रहे हैं। यह ठीक नहीं है। वह क्रेजी आदमी है।”
उन्होंने यहां तक कह दिया, “**व्हाट द हेल इज गोइंग ऑन!**”

यूक्रेन में कहर, दर्जनों की मौत
जापान के एनएसके वर्ल्ड की रिपोर्ट के अनुसार, इस हमले में **कम से कम 12 लोगों की मौत हो चुकी है। रूस ने 298 ड्रोन और 69 मिसाइलों** का एक साथ इस्तेमाल किया। **यूक्रेन की वायुसेना** के अनुसार, उन्होंने **45 मिसाइले** और **266 ड्रोन** को मार गिराया, लेकिन राजधानी कीव समेत कई इलाकों में भारी तबाही मची है।

इस हमले से यूक्रेन में दहशत का माहौल है और नागरिक फिर से डर के साये में जीने को मजबूर हैं।

**जेलेस्की को लेकर भी बोले ट्रंप**

**डोनाल्ड ट्रंप** ने यूक्रेन के **राष्ट्रपति वोलोडिमिर जेलेस्की** पर भी निशाना साधा। उन्होंने सोशल मीडिया पोस्ट में कहा: "जेलेंस्की का बात करने का तरीका देश के लिए फायदेमंद नहीं है। उनकी हर बात हालात को और बिगाड़ रही है। यह रुकना चाहिए।"

**पृष्ठभूमि : रूस-यूक्रेन युद्ध जारी**

**रूस और यूक्रेन** के बीच चल रही जंग को 2 साल से ज्यादा हो चुके हैं। शांति वार्ताएं बार-बार विफल हुई हैं और अब रूस की इस नई आक्रामकता से पूरे यूरोप में चिंता का माहौल बन गया है।

ऐसी ही देश और दुनिया की बड़ी खबरों के लिए फॉलो करें: www.samacharwani.com

---

DISCLAIMER: the views/contents expressed/presented herein, within this advertorial and promotional feature are the sole and exclusive responsibility of individual clients/expert/their authorised representative/Publisher, to which effect, publication house/its representative/affiliates are not responsible/liable whatsover.